Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to construct ta 10 to 15 meters wide RCC road in parallel from LC 29 to LC 68 on Shankhalpur road.

श्रीमती शारदा अनिल पटेल (**महेसाणा**): धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय ।

मेरे संसदीय क्षेत्र में बेचराजी नगर विशेष निवेश क्षेत्र है, जिसमें मारुति सुजुकी, हॉण्डा एवं कई अन्य बड़ी कंपनियों के उत्पादन प्लांट्स हैं । इससे बेचराजी का काफी विकास हो रहा है । वर्तमान में अहमदाबाद-बेचराजी-रनुज-पाटन ब्रॉडगेज रेलवे लाइन का काम भी चालू है, जिसमें शंखलपुर रोड पर, बेचराजी किसान मंडी के पास वाले एलसी नम्बर-69 के स्थान पर अंडरपास का निर्माण कार्य चल रहा है । यह अंडरपास यात्राधाम बेचराजी को यात्राधाम शंखलपुर गांव से जोड़ने वाले बेहद महत्वपूर्ण मार्ग पर स्थित है । बेचराजी तालुका का सबसे बड़ा सरकारी सिविल अस्पताल शंखलपुर रोड पर स्थित है । यहां रोजाना आस-पास के 50 से ज्यादा गांवों के मरीज इलाज के लिए आते हैं । एपीएमसी मार्केट यार्ड अंडरपास के पास स्थित है । किसान अपनी उपज बेचने के लिए ट्रैक्टर और ट्रक द्वारा मार्केट यार्ड में आते हैं, जिससे ट्रैफिक की समस्या भी पैदा होती है । शंखलपुर गांव में बहुचरा माता जी का विश्व प्रसिद्ध मन्दिर भी है, जहां हर चैत्र और आसो सूद पूनम की रात बहुचरा माता की सवारी बहुचरा जी मन्दिर से संखलपुर मन्दिर तक जाती है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं । फार्मेसी कॉलेज और बेचराजी तहसील का एकमात्र उच्च माध्यमिक साइंस विद्यालय इसी सड़क पर शंखलपुर में स्थित है । इन शिक्षण संस्थाओं में लगभग 15 से 20 गांवों के बच्चे अध्ययन के उद्देश्य से बेचराजी की ओर से आते हैं । बारिश के मौसम में अंडरपास में पानी भरने की स्थिति में आपातकालीन सेवा, स्कूली बच्चों और किसानों को बहुत दिक्कतें आती हैं ।

महोदय, क्षेत्र में मारुती और होंडा जैसी बहुत कंपनियां हैं और उन कंपनियों पर निर्भर दूसरी सैकड़ों छोटी-मोटी कंपनियां परिचालन में हैं । विभिन्न कंपनियों के वाहनों की आवाजाही होने के कारण भी यातायात की बहुत समस्या

है । इन सभी परेशानियों से बचने के लिए शंखलपुर रोड पर स्थित एलसी नंबर 69 से बेचराजी एलसी 68 के समानांतर 10 से 15 मीटर चौड़ाई में आरसीसी सड़क बनानी बहुत ही आवश्यक है, ताकि इस यातायात के दौरान आपातकालीन सेवाएं प्रभावित न हों ।

मेरा अनुरोध है कि शंखलपुर रोड पर स्थित एलसी नंबर 69 से बेचराजी एलसी 68 के समानांतर 10 से 15 मीटर चौड़ाई में आरसीसी सड़क बनाने के लिए विशेष मंजूरी दी जाए और सड़क का निर्माण हो ।